अभियंता प्रमुख का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

सकारण आदेश

संवेदक Baijnath Nirman India Pvt.Ltd, (निबंधन सं0–1140020), East Gandhi Madha Jehanabad, Bihar को **कार्य प्रमण्डल, पटना** के अधीन योजनाशीर्ष **राज्य योजना(नाबार्ड)** अंतर **"Construction of High Level RCC Bridge Over Dardha River with Approach Road Yamunapur Village Road"** तक का कार्य आवंटित था। कार्य का एकरारनामा सं0–22/SBD22021-22 के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–14.12.2021 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–13.06.2023 है।

उक्त पुल का निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, पटना एवं अन्य क्षेत्रीय पदाधिकारि द्वारा बार–बार निदेशित करने के बाद भी **संवेदक Baijnath Nirman India Pvt.Ltd** द्वारा उक्त कार्य में कोई प्रगति नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल पटना ने अपने पत्रांक–2310 दिनांक–19.12.2023 द्वारा उक्त संवेदक को कार्य हेतु लिखा गया, फि भी 30.12.2023 तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया। इस प्रकार संवेदक द्वारा एकरारनामा के शर्तों क उल्लंघन किया गया। उक्त के आलोक में एकरारनामा संख्या–22/SBD/2021-2022 को ज्ञापांक–1 दिनांक–03.01.2024 द्वारा विखंडित कर दिया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, का प्रमण्डल, पटना के ज्ञापांक–15 दिनांक–03.01.2024 द्वारा उक्त संवेदक के निबंधन संख्या–114002 को कालीसूची में डालने हेतु प्रस्ताव सीधे विभाग को उपलब्ध कराया गया है।

उक्त के आलोक में विभागीय पत्रांक–305 दिनांक–23.01.2024 द्वारा पन्द्रह दिनों के अंद संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जिसके आलोक में संवेदक द्वारा पत्रांक–शून्य दिनांक– 10.02.2024 से अपना स्पष्टीकरण का जबाव विभाग को उपलब्ध कराया। संवेदक द्वारा बताया गय कि पुल निर्माण का कार्य करा दिया गया है सिर्फ एप्रोच रोड में विवाद रहने के कारण एवं प्राक्कल में निहित लीड के अन्तर्गत मिट्टी नहीं मिलने के कारण लंबित है तथा बिटुमिन उठाव का लेट कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत नहीं किया गया है। इसके लिए दो से तीन माह समय की माँ किया गया है।

संवेदक द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण पर विभागीय पत्रांक–1098 अनु0 दिनांक–01.03.2024 ए पत्रांक–2864 दिनांक–27.08.2024 द्वारा कार्यपालक अभियंता से मंतव्य की माँग की गयी। तदालोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, पटना द्वारा अपने पत्रांक–1729 अनु दिनांक–26.09.2024 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया, जिसमें कहा गया कि संवेदक द्वारा मा Earthwork का कार्य किया गया तथा उसके बाद GSB एवं Gr-III का कार्य नहीं किया गया है उसके चलते DO लेटर निर्गत नहीं किया गया है। अतः कार्यपालक अभियंता के मंतव्य के आलोक में संवेदक द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण का प्रतिउत्तर स्वीकार योग्य नहीं है।

अतएव विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 (ग्रामीण का विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11(क)(VI) के आलोक में संवेदक **Baijnath Nirman India Pvt.Ltd,** East Gandhi Madhan, Jehanabad, Bihar के **(निबंध सं0–1140020)** को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(श्रीप्रकाश)
अभियंता प्रमुख

322

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—18/2024 - 3344 /पटना, दिनांकः—28/10/2024

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—18/2024 - 3344 /पटना, दिनांकः—28/10/2024

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—18/2024 - 3344 /पटना, दिनांकः—28/10/2024

प्रतिलिपिः—प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—18/2024 - 3344 /पटना, दिनांकः—28/10/2024

प्रतिलिपिः—संवेदक **Baijnath Nirman India Pvt.Ltd,** (निबंधन सं0—1140020), East Gandhi Madhan, Jehanabad, Bihar को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख